भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम कोनारी में शिशु स्वास्थ्य पर सफल बैठक।

भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम कोनारी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के उप सरपंच श्री सुरेश कुमार साहू के साथ शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच श्री पेमेन लाल साहू, सदस्य श्री रविकांत साहू तथा गोदग्राम संयोजक डॉ. रोहित कुमार वर्मा और श्री रॉलिक बेंजामिन दास भी उपस्थित रहे।

बैठक में शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से शिशु टीकाकरण कार्यक्रमों जैसे पोलियो और पेंटावेलेंट टीकों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित विशेषज्ञों ने टीकाकरण की प्रक्रिया, समय-सीमा और इससे होने वाले लाभों की जानकारी ग्रामीणजनों को प्रदान की।

इस कार्यक्रम में डॉ. भूमिका मिश्रा और डॉ. सीमा द्विवेदी ने भी अपने बहुमूल्य सुझावों और मार्गदर्शन के माध्यम से बैठक को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को शिशु स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा नियमित टीकाकरण के माध्यम से शिशुओं के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करना था।